प्रेस नोट संख्या-28

दिनांक 16.10.2024

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरी की कुल 02 मोटरसाइकिल के साथ 02 नफर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से 08 पाना,12 रिंच, 03 प्लास व मोटरसाइकिल के पुर्ज बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15.10.2024 को उ0नि0 धारेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शाहमऊ मेले से चोरी की बाइक से संबन्धित अभियुक्तगण संतोष सिंह की बाग चिलूली में मौजूद है। तभी पुलिस टीम द्वारा 02 व्यक्तियों व 02 नफर बाल अपचारी को 02 मोटसाइकिल के साथ हिकमत अमली से घेर कर समय करीब 07:20 बजे रात में मौके से ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम 1.आदिल पुत्र मंसूर निवासी बसई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष 2. संदीप पुत्र नकछेद निवासी बसई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष बताया। बरामद मोटरसाइकिल 1.हीरो स्पेलेण्डर सं0 UP36 K 3384 व 2.हीरो स्पेलेण्डर प्रो सं0 UP 33 AC 6995 के कागज मांगने पर नहीं दिखा सके।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त आदिल ने बताया कि हम लोगों ने मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेण्डर UP36 K 3384 को शाहमऊ मेलें से तीन चार दिन पहले चोरी किया था जिसको मै अपनी मोटरसाइकिल सं0 हीरो स्पेलेण्डर प्रो UP 33 AC 6995 के इंजन से बदलने जा रहा था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. आदिल पुत्र मंसूर निवासी बसई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।
2. संदीप पुत्र नकछेद निवासी बसई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
3. 02 नफर बाल अपचारी।

बरामदगी-

1. 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सं0 UP36 K 3384, UP 33 AC 6995 (कूटरचित नम्बर प्लेट)
2. 08 पाना,12 रिंच,11 गुटका,05 चाभी,02 टामी,03 प्लास,03 पेचकस आदि।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 284/24 धारा 303(2),317(2),319(2),318(4) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. हे0का0 रुपेश मौर्या थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. का0 सचिन कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 सुनील कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 योगेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।